abp न्यूज़

ब्रांडेड शराब की बोतल में नकली शराब बेचने वाले गैंग का पर्दाफाश, दो तस्कर गिरफ्तार

Siddharthanagar News: सिद्धार्थनगर में आबकारी विभाग, पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नकली शराब बनाकर बेचने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी दिल्ली से अंग्रेजी ब्रांडेड शराब की बोतलों में नकली शराब भरकर बेचते थे. इनके पास से पुलिस ने कई ब्रांडेड शराबों की बोतल, नकली सील, केमिकल समेत कई चीजें बरामद की हैं.
दरअसल, सिद्धार्थनगर जिले की सीमा पर उसका थाना क्षेत्र में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम रात में चेकिंग अभियान चला रही थी. मौके पर पुलिस अधिकारी संदिग्ध वाहनों की लगातार तलाशी ले रहे थे. इस दौरान अधिकारियों को फरेंदा की तरफ से एक कार आती दिखाई पड़ी, कार में बैठे लोगों की गतिविधि अधिकारियों को संदिग्ध लगी.

जांच के बाद अधिकारी रह गए दंग

इसके बाद अधिकारियों कार को रोककर उसमें बैठे दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की. शक होने पर पुलिस ने वाहनों की तलाशी ली तो गाड़ी में शराब बनाने वाले रासायनिक कैमिकल, कुछ बोतलों में अवैध शराब, अंग्रेजी शराब की खाली बोतल और नकली ढक्कन बरामद हुआ. ये देखकर अधिकारियों के होश फाख्ता हो गए, उन्होंने दोनों आरोपियों को तुरंत हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी.
कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं. आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे लोग दिल्ली से अंग्रेजी शराब के अलग-अलग ब्रांडों के नकली ढक्कन, रैपर लाते थे, नकली शराब बनाकर इन्हीं बोतलों में भरकर गोरखपुर और उसके आसपास के जिलों में अंग्रेजी शराब के दुकानों पर मुनीमों को बेचते थे.

पुलिस ने क्या कहा?

इस संबंध में सिद्धार्थनगर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्दार्थ ने बताया कि अभियुक्तों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से 16 बोतल नकली शराब (रॉयल स्टेग), 8 अदद काली बोतल एंपियर ब्लू शराब, अलग-अलग ब्रांड की 4000 नकली ढक्कन, 4000 डुप्लीकेट सील और 77 लीटर अवैध रासायनिक कैमिकल की बरामद हुआ है. उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बीएनएस, आबकारी अधिनियम और कॉपी राइट अधिनियम के मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है.

Source: https://www.abplive.com/states/up-uk/siddharthnagar-police-arrested-two-smugglers-selling-spurious-liquor-in-gorakhpur-ann-2858957